आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 30.10.2024
समय 1830

- प्रदेश सरकार और भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के बीच राज्य के स्थानीय उत्पादों की आपूर्ति के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।
- राज्य में नए मतदाताओं की संख्या में वृद्धि, कुल मतदाताओं की संख्या 83 लाख 71 हजार 700 हुई।
- भारतीय रेलवे दीपावली और छठ पूजा के त्यौहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए विशेष रेलगाड़ियों कर रहा है संचालन।
- दिवाली के अवसर पर पूरे देश में हर्षोल्लास का माहौल, बाज़ारों में रौनक। प्रदेश सरकार ने 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को घोषित किया अवकाश।
- प्रदेश में दिवाली के दौरान 108–एंबुलेंस सेवा को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

समझौता ज्ञापन
प्रदेश सरकार और भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल– आई.टी.बी.पी के बीच राज्य के स्थानीय उत्पादों की आपूर्ति के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता स्थानीय आजीविका बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे 80 से अधिक सहकारी समितियों के माध्यम से 11 हजार से अधिक पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा, जिसमें 7 हजार महिलाएं शामिल हैं। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तराखंड में तैनात आईटीबीपी बटालियन को बकरी, भेड़, चिकन और मछली की आपूर्ति की जाएगी। इससे सालाना 200 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस समझौते से स्थानीय लोगों की आजीविका में वृद्धि होगी। पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पशुपालकों और मत्स्य पालकों की आजीविका बढ़ाने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पलायन रोकने में भी मदद मिलेगी।

मतदाता
प्रदेश में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 83 लाख 71 हजार 700 हो गई है। साथ ही प्रदेश में 2 लाख 42 हजार 365 नए मतदाता पंजीकृत हुए हैं, जबकि 1 लाख 14 हजार 88 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कम हुए हैं। इस प्रकार कुल एक लाख 28 हजार 277 मतदाताओं की मतदाता सूची में बढ़ोतरी हुई है। देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर विजय कुमार जोगदंडे ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 28 नवम्बर 2024 तक मतदाता नामावली संबंधी दावे और आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

नामांकन प्रपत्र
केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस सहित सभी छह प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र जांच में सही पाए गए हैं। आगामी 4 नवंबर को नाम वापसी की तिथि के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी केदारनाथ अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि भारत चुनाव आयोग से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन की मौजूदगी में सभी 6 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच की गई।

भारतीय रेलवे

भारतीय रेलवे दीपावली और छठ पूजा के त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए हजारों विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। इस वर्ष रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए पिछले वर्ष की तुलना में ढाई हजार अतिरिक्त रेलगाड़ियां चला रहा है। हाल ही में, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की थी कि पिछले साल संचालित साढ़े चार हजार रेलगाड़ियों की तुलना में इस साल विशेष रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाकर सात हजार कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इन विशेष रेलगाड़ियों से प्रतिदिन लगभग दो लाख अतिरिक्त यात्री यात्रा कर सकते हैं। त्यौहारों के दौरान यात्रियों की भारी संख्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, रेलवे ने अनेक कदम उठाए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाए गए हैं। इसके अलावा यात्रियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें, पूछताछ काउंटर, खानपान सेवाएं, पीने का पानी और मोबाइल शौचालय भी स्थापित किए गए हैं।

डेटोनेटर

हरिद्वार पुलिस को देहरादून–हरिद्वार रेलवे ट्रैक पर मोतीचूर रेलवे स्टेशन के पास तलाशी अभियान के दौरान एक डेटोनेटर मिला है। इस मामले में रेलवे पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डेटोनेटर रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जीआरपी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 288 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

दीपावली, अवकाश

दीपावली पर्व को लेकर प्रदेश के बाजारों में खासी रौनक है। उमंग और उत्साह के इस त्योहार को मनाने के लिए लोग बाजारों में खरीददारी कर रहे हैं। दीपावली पर बाजार रंग–बिरंगी लाइटों, पटाखों, फ्लोटिंग कैंडल, क्रिस्टल गिफ्ट आइटम, फ्लोटिंग दीये, लाफिंग बुद्धा सहित अन्य सामग्रियों से सजे हुए हैं। इसके साथ ही बाजार दीये, बाती, मोमबत्ती और लक्ष्मी–गणेश की मूर्तियों से पटे पड़े हैं। आर्टिफिशियल फूलों और रंगोली की दुकानों के साथ ही बाजारों में मिठाइयां, ज्वेलरी, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन और सजावट, लक्ष्मी पूजन सहित अन्य सामग्रियों की खरीदारी करने वालों की भीड़ लगी हुई है। लोगों ने कल सोने, चांदी, बर्तन, वाहन और अन्य सामाग्री की जमकर खरीददारी कर धनतेरस का त्यौहार मनाया। इससे व्यापारियों में उत्साह का माहौल है।

इस बीच, प्रदेश सरकार ने दीपावल की त्यौहार को देखते हुए राज्य में 31 अक्टूबर और एक नवंबर को अवकाश घोषित किया है। पहले ये अवकाश एक नवंबर को घोषित था।

बदरीनाथ–केदारनाथ में दीपावली

प्रदेश में स्थित चारों धामों में दिवाली पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। इस अवसर पर केदारनाथ मंदिर को करीब 10 क्विंटल और बद्रीनाथ मंदिर को आठ क्विंटल फूलों से सजाया गया है। मंदिर परिसर को एलईडी लाइटों से जगमगाया गया है। रुद्रप्रयाग से हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि विनय बहुगुणा ने बताया कि केदारनाथ धाम समेत चारों धामों के कपाट बंद होने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट तीन नवंबर को भैया दूज पर बंद होंगे, जबकि बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को शीतकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद किए जाएंगे।

खाद्य सुरक्षा विभाग

स्वच्छ–दीपावली, स्वस्थ–दीपावली त्योहार के मद्देनजर राज्य सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए निगरानी तेज कर दी है। इसी कड़ी में देहरादून, उत्तरकाशी और ऊधमसिंह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में खुदरा बाजार में खोया, पनीर, मिठाई आदि के नमूने लिए जा रहे हैं। उधमसिंह नगर के गदरपुर में अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकर स्थितियों में खाद्य पदार्थ बेचने पर 02 प्रतिष्ठानों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। अब तक जिले में खाद्य पदार्थों के 91 नमूने लिए जा चुके हैं जबकि कुल आठ चालान की कार्रवाई की गई है। संयुक्त मजिस्ट्रेट असीमा गोयल ने कहा कि मिठाई की दुकानों पर छापेमारी का मुख्य उद्देश्य लोगों को अच्छी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है।

108 सेवा

प्रदेश में दिवाली के दौरान 108–एंबुलेंस सेवा को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जीएम प्रोजेक्ट अनिल शर्मा ने बताया कि दिवाली के मद्देनजर प्रदेश भर में तैनात सभी 272 एंबुलेंस को सक्रिय रखा गया है और कर्मचारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। दिवाली के दौरान संवेदनशील स्थानों पर तैनात एंबुलेंस जाम में न फंसें, इसके लिए भी आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। देहरादून जिले के सर्वे चौक, घंटाघर, जाखन, रायपुर, बल्लूपुर चौक, प्रेमनगर, विधानसभा और रेसकोर्स में मुख्य चौराहों पर एंबुलेंस तैनात की गई हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति की सूचना मिलने पर एंबुलेंस को तुरंत भेजा जा सके। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष एंबुलेंस सेवा ''खुशियों की सवारी'' को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि गर्भवती महिलाओं को इस दौरान किसी तरह की परेशानी न हो।

देवसंस्कृति व्याख्यान माला

दीपावली से पहले हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय में शांति और सद्भाव विषय पर देव संस्कृति व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला का उद्घाटन करते हुए देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि भारतीय संस्कृति में बलिदान को उत्सव के रूप में मनाने की परंपरा रही है। उत्तराखंड यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी के सदस्य और समाजसेवी मनु गौड़ ने कहा कि भारत दुनिया को शांति और सद्भाव देने वाला देश है। भारत शक्तिशाली देश बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर विभिन्न पत्रिकाओं का विमोचन भी किया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय एकता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एकीकृत भारत के निर्माण में सरदार पटेल की कूटनीति व दूरदर्शिता का महत्वपूर्ण योगदान है। सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और अटूट समर्पण के माध्यम से अखण्ड भारत का सपना पूरा किया और भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने का महान कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी को सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश के सर्वांगीण विकास के लिए अपना योगदान देना होगा।